हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 10 मार्च 2026

04 पंचायतों में आग से निपटने संसाधन नहीं...



07 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ शक्तियों को...





# मार्च में मौसम का अनोखा रंग:दिन में तल्ख धूप, रात में गुलाबी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मार्च की शुरुआत इस बार मौसम के अनोखे रंग के साथ हुई है। दिन में तेज धूप और बढ़ती गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है, वहीं रात के समय हल्की गुलाबी ठंड लोगों को महसूस हो रही है। मौसम के इस उतार-चढ़ाव ने आमजन को हैरान कर दिया है। यानी गर्मी ने इस बार अपने तीखे तेबर वक्त से पहले दिखाने शुरू कर दिए है। मार्च के पहले पखवाड़े में ही धूप के तेवर तल्ख होने लगे है। आमतौर पर मार्च के पहले पखवाड़े में अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, लेकिन इस बार तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से करीब 5-7 डिग्री अधिक है।

दिन में मौसम पूरी तरह साफ रहने के कारण धूप तेज हो गई है और तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि इसके विपरीत रात के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। देर रात से लेकर अलसुबह तक घर के बाहर ठंडी हवाओं के कारण गुलाबी ठंड का एहसास जरूर हो रहा, लेकिन घरों में पंखे,कूलर और एसी का दौर शुरू है। मौसम के इस बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भास्कर गुप्ता ने बताया कि सर्दी-खांसी, बुखार के साथ पेट दर्द, उल्टी और दस्त के मरीजों की संख्या इन दिनों तेजी से बढ़ रही है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव के अनुसार मौसम साफ रहने के कारण दिन में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जबकि रात के समय ठंडक बनी हुई है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात न्यूनतम तापमान 18.8 डिसे दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक था। वहीं अधिकतम तापमान सोमवार को 37.9 डिसे दर्ज किया गया। जिसमें पिछले 24 घंटे के दौरान मामूली सी गिरावट दर्ज की गई।




### फरवरी के अंतिम दिन से तापमान में बढ़त बरकरार

दरअसल फरवरी के अंतिम दिनों से ही तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी। यही कारण है कि 22 फरवरी को ही अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। सामान्यतः मार्च का महीना शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु में संक्रमण का समय होता है, लेकिन अन्य वर्षों की तुलना में इस बार मार्च के शुरुआती दिनों में ही गर्मी ने तेज तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। आमतौर पर मार्च के पहले सप्ताह में अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, लेकिन इस बार पारा 39 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है। यानी जिले में इस बार गर्मी ने वक्त से पहले दस्तक दे दी है।

### समय के पहले बढ़ी तपिश

आमतौर पर नर्मदापुरम जिले का मौसम मार्च महीने के पहले पखवाड़े में सुहावना रहता है, लेकिन इस वर्ष जलवायु परिवर्तन और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव की कमी के कारण से आसमान पूरा साफ है। जिसके कारण तापमान में तेजी से उछाल आया है। सोमवार को दिन में तेज धूप पड़ने के कारण सूर्यदेव के तेवर तल्ख हो गए थे। दिन सड़के सूनी पड़ी थी, राहगीरों का आना जाना भी कम था अधिकांश लोग टोपी, गमछा और रूमाल में नजर आए। मौसम में हो रहे बदलाव का असर खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर अधिक पड़ रहा है।

| अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|
| 3 मार्च 35.4 | डिग्री सेल्सियस |
| 18.4 | डिसे |
| 4 मार्च 37.7 | डिसे |
| 18.5 | डिसे |
| 5 मार्च 39.4 | डिसे |
| 17..1 | |
| 6 मार्च 38.1 | डिसे |
| 16.2 | डिसे |
| 7 मार्च 37.6 | डिसे |
| 19.0 | डिसे |
| 9 मार्च 37.9 | डिसे |
| 18.8 | डिसे |

## खबर संक्षेप

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** वरिष्ठ जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्यांकन समिति अधिकारी राजीव सोर्ते ने बताया कि नर्मदापुरम जिले की अचल संपत्तियों के वर्ष 2026-27 के अंतिम बाजार मूल्य निर्धारण हेतु जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना की अध्यक्षता में 10 मार्च को दोपहर 3.30 बजे कलेक्ट्रेट भवन में आयोजित की जाएगी।

### नारी राष्ट्र की चेतना का आधार है: नारोलिया

**नर्मदापुरम।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर राजधानी के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन में भारती नारी से नारायणी' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। भारतीय विद्वत परिषद एवं राष्ट्र सेविका समिति शरण्या के तत्वावधान में आयोजित इस वैचारिक महाकुंभ में देश भर की प्रबुद्ध महिला विचारकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अत्यंत महत्वपूर्ण अहं राष्ट्री सत्र को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अपने विचारों से उपस्थित जनसमूह को उत्प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय वांग्मय में नारी केवल शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना का आधार है। उन्होंने परिवार को समाज की प्राथमिक इकाई बताते हुए मूल्यों के संरक्षण और समरस समाज के निर्माण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका को रेखांकित किया।

### दो अंतिम सूची में 37 पात्र, 1000 से अधिक में से 700 आवेदन रिजेक्ट

# आवास 2.0 योजना के लिए तीसरी अनंतिम सूची जारी की, दावे-आपत्ति आमंत्रित किए

**सोहागपुर शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की तीसरी अनंतिम सूची गत दिनों जारी की गई है। तथा सूची पर दावे-आपत्ति आमंत्रित किये गए हैं। सूची में 24 नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक दो अंतिम सूचियां जारी हो चुकी हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में अब तक 37 हितग्राहियों को पात्र घोषित किया गया है। जिसमें से 18 कुछ हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रथम किश्त की राशि भी डाली जा चुकी है। गत दिनों 24 नामों की तीसरी अनंतिम सूची नगर परिषद कार्यालय में चस्पा की गई है तथा इस सूची को लेकर नागरिकों से दावे अथवा आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं।

दावे व आपत्ति प्राप्त होने के बाद उनका निराकरण किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की तृतीय सूची घोषित की जाएगी। नप सोहागपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना प्रभारी दयाशंकर कुड़मी ने बताया कि छह मार्च 2026 को अनंतिम सूची घोषित की गई है। जिसके अनुसार दावे-आपत्ति के लिये 12 मार्च 2026 की दिनांक घोषित की गई है। जिसके बाद तृतीय सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।




#### 18 हितग्राही पात्र पाए

सोहागपुर नप में प्रधानमंत्री योजना आवास योजना शाखा के प्रभारी दयाशंकर कुड़मी ने बताया कि गत वर्ष प्रथम अंतिम सूची घोषित की गई थी। जिसमें 18 हितग्राही पात्र पाए गए थे। तथा इन 18 हितग्राहियों के बैंक खातों में आवास योजना की प्रथम किश्त की राशि डाली जा चुकी है। दूसरी अंतिम सूची में 19 नाम सम्मिलित थे। जिन्हें राशि दिए जाने की कार्रवाई प्रस्तावित है। वहीं अब 24 नामों की तृतीय अनंतिम सूची घोषित की गई है। जिसमें पात्रता हितग्राही मिलने के बाद सूची एसडीएम कार्यालय को भेजी जाएगी। फिर पटवारी द्वारा आवेदकों की पात्रता का सत्यापन किया जाएगा।

#### भूमि के पट्टे उनके पास नहीं हैं

सोहागपुर नप कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में शहरी क्षेत्र में अब तक 1043 आवेदकों ने आवेदन दिये हैं। जिनमें से लगभग 700 आवेदन रिजेक्ट किये जा चुके हैं। दयाशंकर कुड़मी ने बताया कि 700 आवेदकों के आवेदन रिजेक्ट किये जाने के पीछे मुख्य कारण आवेदकों द्वारा पर्याप्त वांछित दस्तावेज संलग्न नहीं किए जाने का था। इसके अलावा कई अतिक्रमणकारियों ने भी आवेदन दे दिए थे। जो शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करते हुए रहते तो हैं, लेकिन उक्त भूमि के पट्टे उनके पास नहीं हैं। 1043 आवेदकों में पट्टाधारी नागरिकों के साथ-साथ निजी भू-स्वामित्व वाले आवेदक शामिल थे।

#### सूची का वार्डवार विवरण

नगर परिषद के प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार तृतीय अनंतिम सूची में सुभाष वार्ड से चार, अंबेडकर वार्ड से पांच, राजेंद्र वार्ड से एक, रामप्रसाद वार्ड से चार, गौतम वार्ड से दो, तिलक वार्ड से एक, इंदिरा वार्ड से तीन, रामगंज वार्ड से तीन तथा सरदार वार्ड से एक आवेदक का नाम शामिल है। इस तरह तृतीय अनंतिम सूची में कुल 24 नाम सम्मिलित हैं। जिन पर दावे तथा आपत्ति 12 मार्च 2026 तक नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

**इनका कहना है...**

जारी राशि देने की प्रक्रिया- प्रधानमंत्री आवास 2.0 योजना में लगातार आवेदकों से आवेदन मिल रहे हैं। पात्रता जांचकर सूची जारी की जा रही है। राशि देने की प्रक्रिया भी जारी है।

**धर्मेंद्र शर्मा,** सीएमओ, नगर परिषद सोहागपुर

# किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले युवक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

घर के सामने रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना शनिवार शाम करीब 4:30 बजे की बताई जा रही है।

कोतवाली थाना की एसआई दीपिका लोखंडे के अनुसार, किशोरी अपने मोहल्ले में थी। उसी समय वहां रहने वाला विशाल (21), पिता प्रदीप वहां पहुंचा और उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। जब किशोरी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 छेड़छाड़,धारा 115 मारपीट,धारा 351, आपराधिक धमकी के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक किशोरी अपने मोहल्ले में थी, तभी उसी क्षेत्र में रहने वाला आरोपी विशाल ने उसके साथ छेड़छाड़ की थी।

# पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह का शुभारंभ हुआ




**नर्मदापुरम।** स्थानीय सत्संग चौक, सेठानी घाट पर सोमवार से पांच दिवसीय पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह का शुभारंभ हुआ। यह समारोह के 49 वां वर्ष है। जिसमें भागलपुर (बिहार) से मानस कोकिला कृष्णा देवी मिश्रा प्रवचन हेतु पधारी है। पांच दिवसीय ज्ञान सत्र विषय विभीषण शरणागति है। जिसमें बताया कि लंका के भाई रावण का भाई विभीषण अपने भाई को बार-बार धर्म और नीति के मार्ग पर चलने की सलाह देते हैं, तब रावण उनके उपदेश को अस्वीकार कर देता है। इसके पश्चात विभीषण अधर्म का साथ त्यागकर भगवान श्रीराम की शरण में आने का निर्णय लेते हैं। कथावाचन के दौरान मिश्र ने कहा कि शरणागति का वास्तविक अर्थ है-पूर्ण विश्वास, विनम्रता और समर्पण के साथ भगवान की शरण को स्वीकार करना। जो भी भक्त सच्चे मन से भगवान की शरण में आता है, भगवान उसे अवश्य अपनाते हैं। । वक्ता श्रीमती मिश्र का पुष्पगुच्छ से स्वागत मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव कृपाशंकर शर्मा के साथ अधिवक्ता बीके चौहान , राकेश फौजदार , सीपी भार्गव , नवनीत कोहली , शिव दीक्षित , रामसेवक यादव ने किया।

### आपदा बचाव और जनसुरक्षा के लिए जन जागरूकता साइकिल रैली आयोजित की



**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नर्मदापुरम द्वारा आपदा बचाव एवं जनसुरक्षा जागरूकता अभियान 2025–26 के अंतर्गत जनजागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित के नेतृत्व में एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा यह रैली आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय परिसर से डिप्टी कलेक्टर बबिता राठौर ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। यह रैली प्रातः 8 बजे शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शांतिनिकेतन स्कूल पहुंची और वहां से आगे बढ़ते हुए होमगार्ड कार्यालय में संपन्न हुई। रैली में एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवकों सहित आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस एवं होमगार्ड के जवानों ने आपदा प्रबंधन, प्राकृतिक आपदाओं के समय बचाव के उपायों और सुरक्षित रहने के संबंध में जनसामान्य को जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्लाटून कमांडर शिवराज चौधरी, एसआई सुंदर लाल मरावी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला दंडाधिकारी के नेतृत्व में जिले में आपदा प्रबंधन एवं जनसुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

### समय सीमा की बैठक, कलेक्टर ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं, अभियानों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण, जनसुनवाई प्रकरणों, गेहूं उपार्जन की तैयारियों, जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 तथा ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्थाओं की प्रगति का आकलन करते हुए सभी विभागों को समयसीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले क्लस्टर कैंपों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अभियान की पूरी अवधि में वे निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों की प्रगति पर नजर रखें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित पेयजल समस्याओं से निपटने के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार करे।

### कल लेंगे कमिश्नर समीक्षा बैठक

**नर्मदापुरम।** संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी बुधवार 11 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से आयुक्त सभा कक्ष में मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम, मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मप्र हाउसिंग बोर्ड गृह निर्माण मंडल, मप्र क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड आदि शामिल हैं।

### हम छाती ठोककर कहते हैं कि हमारी विचारधारा को मानने वालों ने गो हत्यारों से चंदा नहीं लिया- पुष्पराज

# गो प्रतिष्ठा जन जागृति अभियान, धर्मसभा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

हम छाती ठोककर कहते हैं कि हमारे विचारधारा को मानने वाली सरकारों ने कभी गौ हत्यारों से चंदा नहीं लिया। उक्त बात कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल ने सोमवार को शहर में आयोजित धर्म सभा में कही। आयोजन सनातन हिंदू समाज सोहागपुर द्वारा जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के गौ प्रतिष्ठा जन जागृति अभियान के समर्थन में किया गया।

आयोजन के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया है। सभा में कांग्रेस नेता जलज शर्मा ने कहा कि धर्म नीति से चलता है। वर्तमान में सत्ता अनीति से चलकर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरोध में कार्य कर रही है।




कांग्रेस नेता यशवंत राजपूत ने कहा कि सत्ता वर्तमान में संतों का अपमान कर रही है। कांग्रेस नेता हरिशंकर चौधरी ने कहा कि वर्तमान में शंकराचार्य सुरक्षित नहीं, तो राष्ट्र कैसे सुरक्षित रहेगा। स्मिता तोमर सेमरी हरचंद ने कहा कि सनातन धर्म में धर्मगुरुओं का अपमान निंदनीय है।

हरगोविंद पुर्विया ने कहा कि पूज्यपाद शंकराचार्य जी के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं, जिसका हम सनातनी विरोध करते हैं। विद्युलता आवटे ने कहा कि शंकराचार्य पर अत्यंत घृणित आरोप लगाए जा रहे हैं, जिसका हमें विरोध करना चाहिए। राहुल जायसवाल ने कहा कि राजनीति के चश्मे से धर्म को देखा जा रहा है तथा गौ प्रतिष्ठा के लिये सभी एकजुटता से काम करें। पं. प्रकाश मुदगल ने कहा कि शंकराचार्य पर गलत इरादे से उंगली उठाने वाले लोग विधर्मी हैं।

उन्होंने कहा कि संतों का अपमान करने वाले परिणाम भोगेंगे। कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल ने कहा कि अपने आप को हिंदू कहने वाले लोग पूज्य शंकराचार्य का अपमान कैसे सहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौमाता के संरक्षण के लिये सभी रेलवे मार्ग, सभी हाईवे, सभी नहरें, सभी नदियों के तटक्षेत्र सीमांकित किये जाएं, जहां गौशालाओं का निर्माण किया जा सकता है। धर्मसभा के मुख्य वक्ता पं. महेंद्र तिवारी ने मौनी अमावस्या को गंगा स्नान दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुए घटनाक्रम के साक्षी होने की बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिस ने संतों को मारा, शिखाएं खीचीं और जगद्गुरू शंकराचार्य जी से अभद्रता की। उन्होंने कहा कि इस अभद्रता के विरोध करने ढोंगी कथावाचक सामने नहीं आए। अन्य वक्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया।

# दुर्घटना पीड़ितों को इलाज मिलेगा

## पीएम राहत योजना: पीड़ितों को त्वरित कैशलेश इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हादसों के दौरान पैसों की तंगी के कारण इलाज नहीं करा पाने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर आई है। अब सड़क हादसों में घायल होने वालों के उपचार का खर्चा स्वयं सरकार उठाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने निशुल्क पीएम राहत योजना लागू की है।

सोमवार को जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में इस योजना का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं यातायात विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में शासकीय एवं निजी अस्पतालों के चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों तथा डाटा एंट्री ऑपरेटरों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा तथा जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद कापसे विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान एनआईसी मध्यप्रदेश से गौतम डे, मनीष गुणवान, विनोद सालमी एवं डॉ. नवीन ने वर्चुअल माध्यम से योजना की तकनीकी प्रक्रिया, पोर्टल संचालन और क्रियान्वयन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी विस्तारपूर्वक साझा की। कार्यक्रम में बताया गया कि केंद्र सरकार ने मार्च 2026 में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से पीएम राहत योजना को मंजूरी दी है।

इस योजना के अंतर्गत दुर्घटना के बाद 7 दिनों तक अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना इलेक्ट्रॉनिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से संचालित होगी, जिसमें किसी प्रकार के बीमा या आय संबंधी मानदंड की आवश्यकता नहीं होगी। किसी भी प्रकार की सड़क पर हुई दुर्घटना में घायल व्यक्ति इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकेगा। इस योजना से पीड़ित की जेब पर भार नहीं पड़ता है। इस दौरान बैठक में आरएमओ डॉ गजेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू, आशीष भार्गव आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भैंसदेही-आठनेर में पूर्व सैनिकों की बैठक 11 मार्च को

**बैतूल।** कैप्टन आईएन सुमीत सिंह से.नि.जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 11 मार्च 2026 को भैंसदेही और आठनेर में पूर्व सैनिकों और शहीदों की पत्नियों की समस्याएं सुनेंगे।जानकारी के अनुसार भैंसदेही क्षेत्र के पूर्व सैनिकों की बैठक सुबह 11.30 बजे जनपद पंचायत भैंसदेही के सभाकक्ष में होगी। इसके बाद 12.45 बजे जनपद पंचायत आठनेर के सभाकक्ष में आठनेर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने संबंधित तहसीलों के सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीदों की पत्नियों से निर्धारित समय और स्थान पर पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराने की अपील की है, ताकि उनका निराकरण किया जा सके।

### रामेश्वरम मदुरै यात्रा के लिए 179 तीर्थ यात्री मंगलवार को होंगे रवाना

**बैतूल।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 10 मार्च से 16 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाली रामेश्वरम्-मदुरै तीर्थ यात्रा के लिए जिला प्रशासन द्वारा समुचित तैयारियां की गई हैं। इस यात्रा में जिले से चयनित श्रद्धालुओं को मंगलवार को दोपहर 2 बजे रेलवे स्टेशन बैतूल से रवाना किया जाएगा। जिला पंचायत बैतूल से जारी आदेश के अनुसार यात्रा के लिए प्राप्त आवेदनों में से 179 श्रद्धालुओं का चयन किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं।

### सिंहस्थ को लेकर मार्गों और पार्किंग स्थलों का चयन करें: कलेक्टर

**बैतूल।** शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप आगामी सिंहस्थ 2028 में महाराष्ट्र से बैतूल होते हुए उज्जैन जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि विशेष रूप से भोपाल और इंदौर मार्ग से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्गों का चयन, सूची तैयार करने तथा पार्किंग स्थलों के चयन की कार्यवाही आगामी दो दिनों में पूर्ण की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पार्किंग स्थलों के चयन के दौरान रोशनी, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। अपने क्षेत्र में धर्मशाला, होटल्स और मैरिज लॉन इत्यादि की भी जानकारी संकलित की जाएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती प्रीति पटेल, यातायात प्रभारी गजेन्द्र केन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रम योगी मानधन योजना के पंजीयन अभियान में बैतूल दूसरे स्थान पर

**बैतूल।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है, उन्हें 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3000 रुपये की पेंशन प्रदान की जाती है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक श्रमिकों के पंजीयन के उद्देश्य से देशभर में 15 जनवरी 2026 से 15 मार्च 2026 तक विशेष पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बैतूल जिले में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अब तक कुल 1774 श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है, जिससे बैतूल जिला उक्त अभियान अवधि में पूरे देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत अधिक से अधिक श्रमिकों का योजना में पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

## नगरपालिका की दमकलों के भरोसे ग्रामीण क्षेत्र

# पंचायतों में आग से निपटने संसाधन नहीं सालों से नपा को नहीं मिली प्रतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गर्मी का सीजन लगभग शुरू हो गया है। तापमान भी बढने लगा है। ऐसे में आगजनी की घटनाओं में भी इजाफा देखा जाता है। सर्वाधिक घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में सामने आती है, यहां खेतों में खड़ी फसल और मकानों में आग लगने पर लोगों को स्वयं ही आग बुझाने के प्रयास करने पड़ते है या नगरपालिका की दमकल वाहनों के भरोसे आग पर काबू पाया जाता है, चूंकि जिले की जनपद पंचायतों के पास आगजनी जैसी घटनाओं पर काबू पाने के लिए दमकल वाहन नहीं है। कुछेक पंचायतों में पानी टैंकर से ही आग पर काबू पाया जाता है, लेकिन सभी पंचायतों के पास टैंकर भी उपलब्ध नहीं। जबकि गर्मी के दिनों में आगजनी की घटना बढ़ जाती है।

आकस्मिक रूप से सामने आने वाली अनेक आपदाओं में अग्नि दुर्घटना भी अतिसंवेदनशील है, जो आमतौर पर बड़े-छोटे गांवों में आए दिन सामने आती है। इससे निपटने का प्रबंधन आवश्यकतानुसार व्यापक होता है, किंतु पंचायत स्तर पर कहीं भी फायर ब्रिगेड उपलब्ध नहीं है। जिसकी वजह से नगरीय निकायों की फायर ब्रिगेड ही मौके पर पहुंच कर आग बुझाती है। यह बात अलग है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आग बुझाने के लिए जो खर्च होता है, उसके बदले नगरीय निकायों को कुछ नहीं मिलता। बैतूल नगर पालिका भी हर साल जनपद पंचायत को बिल भिजवाती है, लेकिन कभी भुगतान नहीं हुआ। इससे नगर पालिका का लाखों रुपये पंचायतों पर बकाया है।



### सिर्फ नगरपालिकाओं में ही मौजूद फायर वाहन

जिले की नगरपालिकाओं में ही फायर वाहन मौजूद है। यह भी वर्षो पहले खरीदे गये थे, जिनमें से अधिकांश वाहनों की हालत खस्ताहाल हो चुकी है। यदि बैतूल नगरपालिका की बात करे तो बैतूल नगरपालिका के पास 3 फायर वाहन हैं। इनमें से एक छोटा क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल है, जिसकी टैंक क्षमता 400 लीटर से बढ़ाकर 800 लीटर की गई है। इसके बावजूद शहर में आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। दो फायर ब्रिगेड कंडम हो चुकी हैं। जिले में 13 फायर ब्रिगेड हैं। बताया जाता है कि सारनी और मुलताई में 2-2, आमला, भैंसदेही, शाहपुर, घोड़ाडोंगरी, चिचोली और आठनेर में 1-1, जबकि बैतूल में 3 फायर ब्रिगेड हैं।

### ग्रीष्मकाल में होती है अधिक आगजनी

आग लगने की घटनाएं गांवों में गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा होती है। विशेषकर रबी फसल की कटाई के चलते कटी हुई फसल खलिहानों में किसान एकत्रित करते हैं। घास की गंजियां भी खलिहान परिसर के समीपस्थ लगी रहती हैं। खलिहान अक्सर ऐसे स्थानों पर होते हैं जहां थ्रेरसिंग के लिए बिजली लाइन की सुविधा समीप में होती है। ऐसे में लाइन के तार टूटने, आपस में टकराकर फाल्ट होने, थ्रेरसिंग आदि उपकरणों में संयोजन का जुगाड़ करने के साथ ही खलिहानों में काम करते बीड़ी-पीने आदि के दौरान असावधानिवश आग लगने की घटना सामने आती है। जिससे पीड़ित को हजारों लाखों का नुकसान झेलना पड़ता है।

### इस तरह से वसूली का है प्रावधान

ग्रामीण क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की सेवाएं देने पर उस पर होने वाले खर्च की राशि संबंधित ग्राम पंचायतों से लिए जाने का प्रावधान है। इसके लिए गांव की दूरी और फायर ब्रिगेड पर तैनात कर्मचारियों पर होने वाले खर्च के हिसाब से राशि लेने के निर्देश हैं। प्रत्येक एक किलोमीटर के लिए 23 रुपये के आधार पर नगरपालिका हर साल आग लगने की घटनाओं की सूची और आग बुझाने पर होने वाले व्यय की सूची जनपद पंचायत को भिजवाती है। इसमें जनपद पंचायत से अनुरोध किया जाता है कि संबंधित ग्राम पंचायतों से उक्त राशि नगरपालिका के खाते में जमा करवाएं। यह बात अलग है कि यह पत्र और सूची जाती तो हर साल है, लेकिन भुगतान आज तक एक बार भी नहीं हुआ है।

### नपा को नहीं मिलती प्रतिपूति व्यय

जनपद और पंचायतों में आग पर काबू पाने के लिए नगरपालिका की फायर वाहनों की सेवाएं ली जाती है। जिसके बदले नगरपालिका को व्यय प्रतिपूर्ति राशि मिलती है। लेकिन यह राशि नगरपालिका को नहीं मिल रही है। ऐसे में नगरपालिका को अतिरिक्त भार वहन करना पड़ रहा है। नपा कर्मचारियों की माने तो वे आग बुझाने के लिए दमकल वाहन नगरपालिका क्षेत्र के अलावा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों को भी कवर करता है। इस पर डीजल, मेंटेनेंस तथा कर्मचारियों की सैलरी पर हर माह लाखों रुपए का खर्च आता है, लेकिन ग्रामीण इलाकों की सेवा के लिए मिलने वाली राशि आज तक नहीं मिली। इसका सीधा-सीधा असर नगरपालिका की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। जानकार बताते है कि निकाय सीमा के बाहर फायर बिग्रेड वाहन का उपयोग किए जाने पर दरें निर्धारित की है। यह दरे करीब 23 रूपये प्रति किमी है और नगरपालिका हर साल नगरीय निकाय की सीमा के बाहर फायर वाहन जाने पर खर्च की राशि का बिल भेजती है, लेकिन यह राशि नगरपालिका को कई से नहीं मिली है।

### कब कितनी राशि का भेजा डिमांड नोट

| वर्ष | खर्च राशि |
|---|---|
| 2020-21 | 243100 |
| 2021-22 | 332800 |
| 2022-23 | 422700 |
| 2023-24 | 161700 |
| 2024-25 | 250000 |

### नहीं हुआ है भुगतान

गाइडलाइन के अनुसार जपं को प्रतिवर्ष सूची सहित देयक तो प्रस्तुत किया जाता है, परंतु विडंबना यह है कि नपा को अभी तक किसी प्रकार की प्रतिपूर्ति की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर खेतों में फायर कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ती है, वहां सड़क आदि खराब होने पर वाहन क्षतिग्रस्त भी हो जाता है। **संतोष धनेलिया**, फायर ऑफिसर नगर परिषद बैतूल।

## जल संरचनाओं के निर्माण के निर्देश

# शेष बची नल जल योजनाओं को शीघ्र हैंडओवर कराएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिए हैं कि जल संचय जनभागीदारी अभियान के तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण कराया जाए। सभी विभाग अपने जिला, ब्लॉक, तहसील सहित ग्राम स्तर तक के कार्यालयों में जहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण नहीं है, वहां निर्माण सुनिश्चित करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नल-जल योजनाओं के अंतर्गत हर घर जल सर्टिफाइड और हैंडओवर की कार्यवाही भी शीघ्र पूर्ण करे। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। नरवाई जलाने के प्रति जनजागरूकता के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शासन के निर्देशों के अनुरूप जनगणना के कार्यों को गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने समयावधि पत्रों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागों को टीएल प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश दिए।

### *सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश*

*कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा में सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ अमले को फील्ड में भेजकर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने उद्यानिकी, जल संसाधन विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा राजस्व विभाग को शिकायतों की गहन समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। तहसीलवार समीक्षा के दौरान बैतूल, प्रभात पट्टन, चिचोली और आठनेर के तहसीलदारों को शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।*

### *सीमांकन, नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा*

*कलेक्टर ने सीमांकन, नामांतरण और बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर सभी राजस्व अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने रबी उपार्जन की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पंजीकृत किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग अंतर्गत संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के बैंकों को प्रेषित सभी प्रकरणों का वितरण शीघ्र कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना तथा पीएम स्वनिधि योजना के लंबित प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत एवं वितरित कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर वंदना जाट, उपस्थित थी।*

## मंगल भवन में खुली नीलामी

# राजू गुप्ता को 9.70 लाख में मिला भौंरा साप्ताहिक बाजार का ठेका



**भौंरा।** ग्राम पंचायत भौंरा द्वारा प्रति शुक्रवार लगने वाले साप्ताहिक बाजार के संचालन के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु सोमवार को मंगल भवन भौंरा में खुली नीलामी आयोजित की गई। निर्धारित प्रक्रिया के तहत हुई नीलामी में राजू गुप्ता, निवासी शाहपुर ने 9 लाख 70 हजार रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर बाजार का ठेका प्राप्त किया। ग्राम पंचायत द्वारा बाजार का ऑफसेट प्राइस 9 लाख 68 हजार रुपये निर्धारित किया गया था। नीलामी के दौरान सबसे पहली बोली संतोष गुप्ता शाहपुर ने 9 लाख 68 हजार,5 सौ रुपये की लगाई। इसके बाद कैलाशचंद गुप्ता ने 9 लाख 69 हजार रुपये की बोली लगाई। तीसरी बोली राजू गुप्ता शाहपुर ने 9 लाख 70 हजार रुपये की लगाई, जो अंतिम और सर्वाधिक रही। इसके बाद कोई अन्य बोली नहीं आने पर सरपंच मीरा धुर्वे ने नियमानुसार एक, दो, तीन की घोषणा करते हुए बाजार का ठेका राजू गुप्ता के नाम स्वीकृत किया। पंचायत द्वारा जारी शर्तों के अनुसार नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाताओं को 1 लाख रुपये अमानत राशि जमा करना अनिवार्य था। वहीं सफल बोलीदाता को स्वीकृत राशि का 25 प्रतिशत दो दिवस के भीतर जमा करना होगा, जबकि शेष राशि नियमानुसार किस्तों में जमा की जाएगी। यह ठेका 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। नीलामी प्रक्रिया के दौरान सरपंच मीरा धुर्वे, उपसरपंच महेंद्र सिरोठिया, जनपद सदस्य सुधीर नायक, पंच जय किशोर मिश्रा, सचिव राजू पंडाग्रे तथा सहायक सचिव अमित तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि नीलामी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई।

## युवा संगम के तहत रोजगार मेला कल

**बैतूल।** मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 11 मार्च को प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर बैतूल में किया जाएगा।

रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर्स पुणे में ट्रेनी, ऑपरेटर के 100 पदों, आईफोन बेंगलुरु में ट्रेनी, ऑपरेटर के 100 पदों तथा एमआरएफ अहमदाबाद में ट्रेनी, ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक होना अनिवार्य है। वोल्वो आयशर भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों, श्री गुरु साहेब मोटर्स बैतूल में टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर के 10 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। लिनमार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड देवास में अप्रेंटिस के 20 पदों के लिए योग्यता डिप्लोमा मैकेनिकल, बीई, बीटेक मैकेनिकल तथा श्री गुरु साहेब मोटर्स में टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर के 10 पदों के लिए योग्यता 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा होना आवश्यक है। इसी प्रकार कृषि धान बायो केयर प्राइवेट लिमिटेड इंदौर में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, एमबीए, शक्ति मोटर्स मुलतापी प्राइवेट लिमिटेड मुलताई में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक के 25 पदों के लिए योग्यता 8वीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा तथा रिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पीथमपुर में मशीन ऑपरेटर ट्रेनिंग के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं 12वीं आईटीआई डिप्लोमा होना आवश्यक है।

# सुरक्षा व्यवस्था की परख के लिए मॉक ड्रिल, हमले की स्थिति में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से सोमवार 9 मार्च को सुरक्षा गेट क्रमांक 7 पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा बलों ने अभ्यास किया और हमले की स्थिति में त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

मुख्य सुरक्षा अधिकारी एस.के. राघव ने जानकारी देते हुए बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान एक काल्पनिक परिदृश्य तैयार किया गया, जिसमें कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गेट नंबर 7 पर हमला करने की घटना दर्शाई गई। हमलावरों ने गेट पर आगजनी की और गोलीबारी भी की। इस स्थिति में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षा जवानों ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए हमलावरों को ढेर किया और कुछ को गिरफ्तार कर लिया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य सुरक्षा बलों की सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की जांच करना था। इस दौरान सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता एस.के. लिल्होरे, सारनी थाना प्रभारी जयपाल इवनाती सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और पूरी मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि समय-समय पर इस प्रकार की मॉक ड्रिल आयोजित कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाता है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में संयंत्र और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



## 15 मार्च से शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए हेलमेट अनिवार्य, उल्लंघन पर होगी चलानी कार्रवाई

**बैतूल।** जिले में सडक़ सुरक्षा को लेकर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिए हैं कि 15 मार्च से जिले के सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा, जबकि चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाना जरूरी होगा। निर्देशों का पालन नहीं करने पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा जुर्माने सहित आवश्यक चलानी कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित सडक़ सुरक्षा संबंधी बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों से हेलमेट के उपयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन कराएं। साथ ही अपने परिजनों और आम नागरिकों को भी हेलमेट पहनने और सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में कलेक्टर ने मार्गों पर अतिक्रमण हटाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिए पहले से अनाउंसमेंट कराकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए खतरनाक मोड़ों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के निर्देश संबंधित सडक़ विभाग को दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बडोरा मंडी क्षेत्र में ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग, ट्रैफिक पुलिस, नगरपालिका और राजस्व विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर उचित समाधान करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग प्रीति पटेल, यातायात प्रभारी गजेन्द्र केन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# यूजीसी के नियमों के विरोध में सवर्ण समाज का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सवर्ण समाज संगठन जिला बैतूल के बैनर तले यूजीसी के हाल ही में लागू किए गए नियमों के विरोध में सोमवार की दोपहर को धरना प्रदर्शन किया गया। संगठन से जुड़े पूरे जिले से आए लोग पहले बैतूल के शिवाजी आडिटोरियम में एकत्रित हुए, जहां सभा आयोजित कर नियमों पर चर्चा की गई। इसके बाद पदाधिकारियों और सभी समाजों के लोगों ने शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर बैतूल नरेंद्र सूर्यवंशी को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 15 जनवरी 2026 से उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के उद्देश्य से नए नियम लागू किए हैं। इन नियमों में कॉलेज और विश्वविद्यालयों में शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने, जातिगत उत्पीड़न के मामलों में कार्रवाई करने और संस्थानों की जवाबदेही तय करने जैसे प्रावधान किए गए हैं। जो सवर्ण समाज के विरुद्ध हैं। ज्ञापन सौंपने के बाद सभी लोग कलेक्ट्रेट के सामने धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए। वहां सवर्ण समाज संगठन जिला बैतूल के बैनर तले सभी समाज के प्रमुखों ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ऐसे नियम लागू कर समाज को बांटने का प्रयास कर रही है। उनका कहना था कि इससे सवर्ण समाज और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सहित अन्य वर्गों के बीच अनावश्यक वैमनस्य बढ़ेगा एवं तनाव की स्थिति निर्मित होगी। उन्होंने कहा कि समाज में सभी वर्गों के बीच आपसी भाईचारा बना रहना चाहिए।



### संगठन ने कहा-नियमों में संतुलन का अभाव

संगठन का आरोप है कि इन नियमों में संतुलन का पूर्णत अभाव है और इससे सवर्ण समाज के छात्रों को बिना पर्याप्त जांच के दोषी ठहराए जाने की आशंका बन सकती है। जिससे उनका भविष्य बर्बाद हो सकता है। आक्रोशित सवर्ण समाज के सभी लोगों ने एकमत होकर सरकार व प्रशासन से मांग की कि इन प्रावधानों को या तो जल्द से जल्द वापस लिया जाए या उसमें जायज संशोधन किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो सवर्ण समाज व्यापक स्तर पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन व धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। साथ ही कहा है कि इस आंदोलन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। रैली एवं धरना-प्रदर्शन की अगुवाई में ब्राह्मण, क्षत्रिय, राजपूत, वैश्य, जैन, रघुवंशी, मराठा, कायस्थ, सिंधी व पंजाबी और गुजराती समाज के प्रमुखों सहित बड़ी संख्या में इन समाजों की महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



नगर के पतौवापुरा में स्थित तहसील कार्यालय के पास खेड़ापति मंदिर के प्रांगण में महिलाओं और भारतीय मजदूर संघ ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय विश्व महिला दिवस मनाया। जिसमें सर्वप्रथम मंदिर में पूजन अर्चन कर एक दूसरे को गुलाल लगाकर सर्वप्रथम शिक्षा का अधिकार के संबंध में सावित्रीबाई फुले के जीवन के बारे में सभी को जानकारी दी गई। बताया गया कि सती प्रथा, बाल विवाह प्रथा, महिलाओं के लिए शिक्षा का अधिकार और महिलाओं के लिए सर्वप्रथम शाला की व्यवस्था सावित्रीबाई फुले के द्वारा मानव समाज के लिए कार्य की शुरुआत की गई थी। जिससे आज सभी महिलाएं शिक्षित होकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भारत देश में आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम की आयोजक भारतीय महिला मजदूर संघ की जिला अध्यक्ष मीरा खातरकर ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु सभी वरिष्ठ महिलाओं का शाल श्रीफल और पुष्प गुच्छ से स्वागत सम्मान किया गया। वरिष्ठ बुजुर्ग महिलाओं के द्वारा सभी को अपने अनुभव के विचार साझा किए गए। कार्यक्रम के अंत में नृत्य के साथ, रंग पंचमी के पावन पर्व पर महिलाओं के द्वारा सामूहिक नृत्य भी किया गया। जिसमें नगर शाहपुर से शासकीय सेवा में कार्यरत महिलाओं, शिक्षिकाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, ग्रहणी महिलाओं ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। जिसमें मुख्य रूप से सेवानिवृत शिक्षिका संतोष दुबे, बिंदु नामदेव, दीपना जगताप, पुष्पा धुर्वे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्यामा कदम, उषा श्रीवास, श्वेता शुक्ला, गरिमा ने विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### लेफ्टिनेंट क्षणिक रजक का नगर में स्वागत



**माखननगर।** नगर के क्षणिक रजक का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ है पद स्थापना के बाद प्रथम बार नगर आगमन पर नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया। क्षणिक ने परिवार ओर नगर का गौरव बढ़ाया है। बाबा मैरिज गार्डन से माखनलाल चतुर्वेदी स्थल तक जुलूस निकाला गया। रजक ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कहा मुझे भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का अवसर मिला है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारी, सेनानी परिवार के दीपक वर्मा, पार्षद गोलू मिश्रा सहित परिवार जन एवं नगर वासियों ने स्वागत अभिनंदन किया।

### माखननगर-नर्मदापुरम में कार्यक्रम आयोजित हुए

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ शक्तियों को नमन कर महिलाओं का सम्मान किया

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नर्मदापुरम और माखननगर में महिलाओं का सम्मान किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर/नर्मदापुरम

श्री माखन लाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय, माखन नगर में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के निर्माण में महिलाओं की महत्ता को रेखांकित करना और महाविद्यालय परिसर की समस्त 'मातृशक्ति' (प्राचार्य मैडम, महिला प्राध्यापकों और छात्राओं) के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था।

दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉ नीता चौबे मैडम द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ।



छात्राओं ने सुमधुर 'सरस्वती वंदना' प्रस्तुत की। स्वागत उद्बोधन डॉ आई एस कनेश एवं ग्रंथपाल अजय मेहरा द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया और महिला दिवस की ऐतिहासिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

#### मातृशक्ति का सम्मान

कार्यक्रम का सबसे भावुक और महत्वपूर्ण अंश 'सम्मान समारोह' रहा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा निम्नलिखित रूप में मातृशक्ति का अभिनंदन किया गया। प्राचार्य डॉ नीता चौबे, डॉ कविता दुबे, डॉ क्षमा मेहरा, डॉ सुमन अवस्थी, सुषमा यादव, डॉ आकांक्षा यादव, संध्या गोलिया, कु शिवानी मालवीय सहित समस्त मातृशक्ति को महिला दिवस पर सम्मानित किया।

#### नर्मदापुरम के जिपं सभाकक्ष में किया सम्मान

नर्मदापुरम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएँ देने वाली महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सीमा तिवारी उपस्थित रहीं। महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी अभय सिंह ने महिलाओं से संबंधित कानूनी नियमों और विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

#### महिलाओं को शुभकामनाएं दी



गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया माखन नगर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखन नगर जिला नर्मदापुरम द्वारा बाल विहार माडल हायर सेकंडरी स्कूल माखननगर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के उन्नयन और सशक्तीकरण की दिशा में किए योगदान के लिए सम्मानित किया इस अवसर पर नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति अध्यक्ष नीतिराज सिंह यादव, निर्मल चाचोडिया संचालक,बैनीप्रसाद विश्वकर्मा, ज्योति सराठे, रक्षा वघेल, सरिता पथोरिया,अंशु सोनी, खुशबू गौर, अंकिता सोनी,पलक सराठे,नैन्सी वर्मा,रेशमा खान उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 की मैदानी तैयारी प्रारंभ, मई से होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम जनगणना 2027 की मैदानी तैयारी इन दिनों जारी है। सोहागपुर शहर क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए सोहागपुर नप में अन्य विभागों से तैनात किए जाने वाले कर्मचारियों की सूची बनाई जा रही है। सोमवार को शिक्षा विभाग से कर्मचारियों के नाम लिए गए हैं। मैथिलीशरण पटेल तथा राजेश दीक्षित ने नप कार्यालय पहुंचकर शिक्षा विभाग कर्मियों की सूची दी है।

सोहागपुर नगर परिषद में जनगणना 2027 कार्यक्रम के सहायक अधिकारी संजय परसाई ने बताया कि शहर स्थित शासकीय कार्यालयों में विभाग प्रमुखों से संपर्क कर उन कर्मचारियों की सूची प्राप्त की जा रही है जो शहरी क्षेत्र में जनगणना का कार्य संपन्न करेंगे। परसाई के अनुसार जनगणना का मुख्य कार्य समूचे मध्य प्रदेश में एक मई 2026 से प्रारंभ होगा। तथा फिलहाल मैदानी कर्मियों की सूची तैयार की जा रही है। परसाई ने बताया कि फिलहाल नगर परिषद के वार्ड प्रभारियों के माध्यम से मकान की नंबरिंग के कार्य को संपन्न किया जा रहा है।

#### रिजर्व दल बनेंगे

संजय परसाई ने बताया कि शहर में जनगणना के लिये 41 प्रगणक तथा सात सुपरवाइजर तैनात किये जाऐंगे। वही 10% रिज़र्व कर्मचारी भी प्रगणक दल के लिए तथा सुपरवाइजर दल के लिए तैनात किए जाएंगे। इस तरह से मुख्य 41 प्रगणकों सहित चार रिजर्व प्रगणक कार्य करेंगे। वहीं सात सुपरवाइजर्स सहित एक रिजर्व सुपरवाइजर का भी दल गठित किया जाएगा। ये दल सोहागपुर नगर परिषद के वार्ड प्रभारियों के साथ शहरी क्षेत्र में जनगणना 2027 का कार्य करेंगे।

## सौरभ अग्रवाल बने अग्रवाल महासभा संभागीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर के युवा सौरभ अग्रवाल पुत्र कन्नूलाल अग्रवाल को अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा में नर्मदापुरम संभाग अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी गई है। नियुक्ति पत्र अनुसार अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री हरिओम गर्ग, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भानु प्रकाश बंसल, मध्य प्रदेश अध्यक्ष पंकज मित्तल तथा मध्य प्रदेश सलाहकार सुरेश अग्रवाल की अनुशंसा व सहमति से यह नियुक्ति की गई है। नियुक्ति पत्र अनुसार भारत में अग्रवाल समाज के आठ करोड़ बंधुओं का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था में सौरभ अग्रवाल आगामी समय में अपनी कार्यकारिणी घोषित करेंगे। क्षेत्रवासियों ने सौरभ अग्रवाल को नर्मदापुरम संभाग अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की बधाई दी है।

## डबल टैक्स वसूली के फैसले के खिलाफ कांग्रेस ने नगरपालिका को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी नगरपालिका द्वारा पुराने संपत्ति कर पर 50 प्रतिशत छूट समाप्त करने और 31 मार्च के बाद डबल टैक्स वसूलने के हालिया फैसले का कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय और नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने नगरपालिका कार्यालय जाकर आदित्य पांडेय को पत्र सौंपा। कांग्रेस ने कहा कि जनता को कभी इस छूट की जानकारी नहीं दी गई, और अचानक डबल टैक्स वसूलना आम नागरिकों के लिए भारी आर्थिक बोझ है।कांग्रेस ने मांग की है कि 31 मार्च की समय सीमा कम से कम 2 वर्ष बढ़ाई जाए, पुराने बकाया पर 50 प्रतिशत छूट स्थायी रूप से जारी रखी जाए और डबल टैक्स व जुर्माने के प्रावधान तुरंत वापस लिए जाएँ। इसके अलावा, टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाने और वार्ड स्तर पर शिविर लगाने की भी आवश्यकता बताई गई। चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन राहत नहीं देता, तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी।



## टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद देर रात तक मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारत की युवा क्रिकेट टीम ने रविवार रात टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में एक तरफ प्रदर्शन करते हुए फाइनल में न्यूजीलैंड टीम को हराया। टीम ने लगातार दूसरी तथा कुल तीसरी बार वर्ल्ड कप जीता है। जिसके बाद सोहागपुर शहर में देर रात तक जश्न मनाया गया। इस दौरान क्रिकेट प्रेमी ढोलों की थाप पर देर रात तक नृत्य करते नज़र आए। मुख्य बाजार में होटल मालवीय पैलेस के सामने बड़े एलईडी स्क्रीन को क्रिकेट प्रेमियों द्वारा लगाया गया। तथा सार्वजनिक रूप से क्रिकेट प्रेमियों ने फाइनल मैच का भरपूर आनंद लिया।



भारत की पारी के दौरान जहां प्रत्येक चौके-छक्के पर भारत माता की जयकरे के नारे लगाए गए। वहीं दूसरी पारी में न्यूजीलैंड का प्रत्येक विकेट गिरने के साथ आतिशबाजी की गई। लाइव प्रसारण देखते सैकड़ों क्रिकेट प्रेमियों ने भरपूर जोश के साथ मैच का आनंद लिया। इस दौरान देर रात तक आतिशबाजी होती रही।

## कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया के शहीद भगत सिंह कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और मेंटल हेल्थ वेलनेस प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अनिता सेन और डॉ. किटी मौर्य ने किया। मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिशा चांडक तथा विशिष्ट अतिथि रश्मि तिवारी, एसआई मोनिका सिंह और पटवारी दुर्गेश नंदिनी उपस्थित रहीं।




कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। प्राचार्य डॉ. एस.के. मेहरा ने स्वागत भाषण दिया। अतिथियों ने महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर महिला अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया तथा खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। संचालन डॉ. किटी मौर्य और आभार डॉ. अनिता सेन ने व्यक्त किया।

## सिलारी में क्षत्रिय कलार समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिलारी में क्षत्रिय कलार समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु के पूजन से हुई। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में महिलाओं, युवा मोर्चा, युवक-युवतियों सहित समाज के अनेक लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, पवन वालिया, पूर्व जिला सतर्कता सदस्य अरविंद राय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल, सतीश कटकबार, रेखा जायसवाल, विनोद कटकबार सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शाम को कवि सम्मेलन भी हुआ, जिसमें कवि अरुण गढ़वाल सहित अन्य कवियों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।




## जिला युमो अध्यक्ष की दौड़ में 5 युवा शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया





पिपरिया से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष की दौड़ तेज हो गई है। पिपरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा तेज है। बताया जा रहा है कि इस पद के लिए करीब पांच युवा नेता सक्रिय हैं। इनमें पिपरिया शहर से सचिन गंगेले, गुलाब सिंह बैंकर, पवन कहार, पचमढ़ी से मुन्नू साहू और बनखेड़ी क्षेत्र से अटल राय के नाम चर्चा में हैं। सभी नेता अलग-अलग संगठन और वरिष्ठ नेताओं के समर्थक माने जा रहे हैं। युवाओं की मांग है कि इस बार जिला अध्यक्ष पिपरिया से बनाया जाए। हालांकि चुनाव होगा या नियुक्ति, इसका फैसला पार्टी नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों पर निर्भर करेगा।

## श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज ने रंगपंचमी हर्षोल्लास से मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा राधा कृष्ण विश्वकर्मा मंदिर में रंग पंचमी का कार्यक्रम सामाजिक परम्परा अनुसार अबीर गुलाल से सामाजिक बंधुओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें समाज के कई गणमान्य बंधु महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन मालवीय, राजेश मालवीय, संजीव मालवीय, रमेश मालवीय,राजेन्द्र मालवीय, राजेन्द्र मालवीय, तुकाराम मालवीय, सोनू मालवीय, प्यारे लाल मालवीय, प्रशांत मालवीय, जगदीश मालवीय, अनीश मालवीय, जीवन लाल मालवीय, दिलीप, राजेश, राम कुमार, राजेश, बिक्की, अक्षत, छगन लाल, रोहित, दुर्गा, नवल किशोर और समस्त सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## कुसुम महाविद्यालय में केंद्रीय बजट 2026 पर वेबिनार आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी मालवा में केंद्रीय बजट 2026-27 के संदर्भ में "सबका साथ, सबका विकास जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति" विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी, प्रभारी डॉ. एस. के. सोनी, महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने हाइब्रिड मोड में भाग लिया। वेबिनार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स तथा पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार, उद्योग और विशेषज्ञों के बीच समन्वय बनाकर विकसित भारत @2047 के लक्ष्य की दिशा में कार्य करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में कुसुम महाविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम की राष्ट्रीय सेवा योजना के दो स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारी का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है।

इसमें कार्यक्रम अधिकारी विजयश्री मालवीय,चयनित छात्र महिपाल सिंह बीए प्रथम वर्ष एवं छात्रा पूजा पाल बीए सी द्वितीय वर्ष शामिल है। यह चयन जिला संगठन डॉ दिग्विजय सिंह खत्री के मार्गदर्शन में समिति द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया गया। राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 8 मार्च से 14 मार्च 2026 तक चित्रकूट में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के संगठन में किया जाएगा।



### गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए करने की मांग

# किसानों के समर्थन में उतरा युकां, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

युवा कांग्रेस द्वारा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल करने तथा मूँग की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू करने की मांग की गई। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को मात्र 40 रुपये का बोनस देना किसानों का अपमान है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने वादे के अनुरूप गेहूँ की सरकारी खरीदी 2700 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से करनी चाहिए। प्रदेश महासचिव अक्षय जायसवाल ने मूंग की खरीदी को जल्द से जल्द समर्थन मूल्य पर शुरू करने की मांग उठाई। वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बेस ने नरवाई प्रबंधन को लेकर किसानों से चर्चा कर उचित व्यवस्था करने की बात कही। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो युवा कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष आनंद पटेल, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार केलू उपाध्याय, पंकज राठौर, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, सेवा दल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद (गज्जू) तिवारी, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव प्रतीक मालवीय, पार्षद दिलीप गौस्वामी, अंजली कलोसिया, सेवादल जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता, राहुल दुबे, अमल सरकार, पप्पी कलोसिया, रितेश हनोतिया, आकाश चौधरी, नमन पटेल, अक्षत जायसवाल, अंसुल गोस्वामी, निखिल यादव, अमन प्रजापति, आदित्य चौधरी, सजल महतो, रोशन यादव, जिशान खान, दक्ष गुर्जर, कनिष्क केवट, फेज हसन, सौयम चौरे सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक हुई

**इटारसी।** न्यायालय के अधिवक्ता कक्ष में सोमवार को आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला न्यायाधीश आदित्य रावत ने अधिवक्ताओं से पक्षकारों को लोक अदालत के महत्व की जानकारी देकर आपसी सहमति से प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को त्वरित, सुलभ और कम खर्च में न्याय मिलता है तथा लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है। बैठक में न्यायाधीश सूर्यपाल सिंह राठौर, आयुषी गुप्ता, यतिन अग्रवाल, प्राची कोरव सहित अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**इश्तहार**

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान कच्ची प्लाट नं. अर्धनिर्मित स्टेडियम की कच्ची दुकान नं 9 जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री जमना प्रसाद सोनकर S/o श्री रामचरण सोनकर के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्रीमती मीना सोनकर W/o स्व. श्री रामदास सोनकर (2) प्रकाश सोनकर S/o स्व. जमना प्रसाद सोनकर के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कायालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् इटारसी**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी के समक्ष लखन सिंह तोमर आत्मज बब्बू सिंह तोमर एवं सुशीला बाई पत्नि लखन सिंह तोमर अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति परिवर्तित क्षेत्र प्रियदर्शिनी नगर न्यास कॉलोनी शहर इटारसी प्लाट नं. एमआईजी 4 रकवा 1500 वर्गफुट है। जिसकी चतुर्थ सीमा पूर्व में प्लाट नं. एमआईजी-5 पश्चिम में प्लाट नं. एमआईजी-3 उत्तर में प्लाट नं. ईडब्लयूएस 10,11,12 दक्षिण में 15 मीटर रोड जो वार्ड नं. 12 नया वार्ड नं. 13 प्रियदर्शिनी नगर न्यास कॉलोनी इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र. में स्थित है। को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी के पक्ष में बंधक प्रभारित कर प्रदत्त गृह ऋण सुविधा की गारंटी स्वरूप बंधक प्रभारित कर रहे है। उक्त संपत्ति विकय पत्र के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराकर कब्जा व आधिपत्य प्राप्त कर उपयोग कर रहे है उक्त संपत्ति की लिंक लीजडीड दिनांक 21/08/2007 पुस्त क्रमांक ए-1 ग्रंथ क्रमांक 1113 पृष्ठ क्रमांक 59-64 दस्तावेज कमांक 610 जो विकेता मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद इटारसी ने क्रेता सुरजीत कौर पत्नि खेल सिंह को निष्पादित की थी उक्त लिंक लीजडीड गारंटर / स्वामी से गुम गये है जिसकी प्रथम सूचना प्रतिवेदन उनके द्वारा दर्ज करा दी गई है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, राजस्व म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद उक्त संपत्ति/लिंक लीजडीड पर हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तत्पश्चात मेरा पक्षकार बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी उक्त संपत्ति के संपूर्ण ओरिजनल दस्तावेज एवं लिंक लीजडीड की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर बंधक प्रभारित कर ऋण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर ऋण प्रदान करेगा जिस पर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **एन.के. साहू** अधिवक्ता
निधि चौहान अधिवक्ता,
सेन्ट्रल बैंक के सामने, इटारसी
मो. नं. 9425040080

## खबर संक्षेप



### ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जैन ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश राय, कांग्रेस राजनैतिक दल से मोहन सांई व भारतीय जनता पार्टी से देवीसिंह सांखला सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्टैंड के बाहर यात्री बसों से अव्यवस्था, लगता है जाम, राहगीर परेशान

**सीहोर।** नए बस स्टैंड के बाहर यात्री बसों के खड़े होने से दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। बस स्टैंड पर सवारी बैठाने के बाद भी बाहर पुराने हाईवे पर खड़ी रहती हैं। इससे सड़क पर जाम लग जाता है। कई बार यह समस्या पुलिस और प्रशासन के सामने रखी गई, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला। बस संचालक देर तक सवारी का इंतजार करते हैं। इस दौरान वाहन नो पार्किंग में खड़े रहते हैं। इससे परेशानी और बढ़ जाती है। सड़क के बीच डिवाइडर बना है, जिससे रास्ता पहले से ही संकरा है। लोग जाम से बचने के लिए रॉन्ग साइड से वाहन निकालते हैं। इससे सामने से आ रहे वाहनों से टक्कर की आशंका बनी रहती है।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाउन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराइज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है।

### ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले की अनेक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## सेफ्टी गाड्र्स मशीन के चलते हुए पुर्जों पर सुरक्षा कवर होना अनिवार्य

# नियम विरुद्ध चल रहे हैं हार्वेस्टर व भूसा मशीनें खिरकिया में एक फायर ब्रिगेड, वह भी खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



छीपाबड़ में हाईवे से लगे हुए खेतों में दोपहर को अचानक गेहूं की खड़ी हुई फसल में आग लग गई बताया गया कि भूसा मशीन से निकली हुई चिंगारी में यह आग भभकी तेजी से आसपास के खेतों में फैल गई।

भवानी राजपूत कैलाश सोनेर, मोहन सोनेर , मुंशी देवड़ा किसानों के खेतों में करीब 70 एकड़ जमीन में गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई। क्षेत्रीय विधायक आरके दोगने, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन साई मौके पर पहुंचे। खिरकिया क्षेत्र हरदा खंडवा मार्ग छीपाबड़ मे सोमवार दोपहर 12 बजे गेहूं की ख़डी फसल मे अचानक आग लगने से लगभग 50 से 60 एकड़ गेहूं की फसल जल्दी क़र रख हो गयी सोमवार का दिन छीपाबड़ किसानों के लिय दुःखद रहा। विधायक डॉ. दोगने ने कहा कि किसानों की फसल उनकी सालभर की मेहनत का परिणाम होती है, इसलिए प्रशासन को ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए किसानों को राहत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना चाहिए। किसानों को आश्वास्त करते हुए कहा आपकी फसल नुकसानी के भुगतान के लिए मै मुख्यमंत्री से बात क़र रहा हूं। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर सोलंकी लालू राजपूत देवेंद्र राजपूत गोल्डी कुशवाह इमरान शेख उपस्थित थे। अग्नि सुरक्षा फसल के पास आग से सुरक्षा के लिए कंबाइन और भूसा मशीन में अग्निशामक यंत्र होना अनिवार्य है। प्रशासनिक अनुमति/पासः धान या गेहूं की कटाई के लिए प्रशासन से पास लेना अनिवार्य हो सकता है, विशेषकर प्रतिबंधात्मक क्षेत्रों में। प्रतिबंधित क्षेत्र जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार, खड़ी फसल के दो किलोमीटर के दायरे में भूसा मशीन से भूसा बनाने पर प्रतिबंध लग सकता है। सेफ्टी गाड्र्स मशीन के चलते हुए पुर्जों पर सुरक्षा कवर होना अनिवार्य है।

## हार्वेस्टर संचालकों व कृषकों की बैठक आयोजित की गई

कृषि विभाग हरदा के सभा कक्ष में नरवाई (फसल अवशेष) न जलाने के संबंध में हार्वेस्टर संचालकों एवं कृषकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक अशोक कुमार डेहरिया, अनुविभागीय दंडाधिकारी, हरदा जिला हरदा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित हार्वेस्टर संचालकों एवं कृषकों को नरवाई जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान, मृदा की उर्वरता में कमी तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी से अपील की गई कि वे खेतों में नरवाई न जलाएं तथा फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं। अध्यक्ष द्वारा हार्वेस्टर संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने हार्वेस्टर में सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (रटर) का उपयोग सुनिश्चित करें तथा कटाई के दौरान नरवाई को उचित तरीके से खेत में फैलाएं, ताकि किसानों को नरवाई जलाने की आवश्यकता न पड़े। बैठक में यह भी बताया गया कि नरवाई जलाना दण्डनीय अपराध है तथा ऐसा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार अर्थ दंड आरोपित करने कार्यवाही की जाएगी। उपस्थित कृषकों एवं हार्वेस्टर संचालकों ने नरवाई न जलाने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने का आश्वासन दिया।



## जिला सत्र न्यायालय का फैसला

# पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के मामले में कोर्ट ने सोमवार को दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना 9 फरवरी 2025 को करताना रोड पर हुई थी।

जिला सत्र न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने आरोपी तेजा उर्फ गुल्लू ओझा (36) को दोषी पाया और उसे 1000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। शासन की तरफ से पैरवी कर रहे एजीपी संजय गौर ने बताया कि आरोपी तेजा ओझा ने अपनी दूसरी पत्नी रीना उर्फ शीला बाई (30) की बेरहमी से हत्या कर दी थी। बताया गया कि रीना दो महीने से लापता थी और घटना से एक दिन पहले ही घर लौटी थी। पति ने शराब के नशे में उस पर जानलेवा हमला किया था। एसडीओपी आकांक्षा तलया के अनुसार, मृतका के शरीर पर कई चोट के निशान मिले थे। विशेष रूप से माथे पर गंभीर चोट के निशान थे, जिससे अनुमान लगाया गया कि लोहे के धारदार हथियार से हमला किया गया था।

हत्या के बाद पति ने शराब के साथ चूहामार दवा का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास भी किया था। इस मामले में विवेचना थाना टिमरनी में पदस्थ उप निरीक्षक उदयराम सिंह चौहान ने की थी।

## चोरी करते हुए पकड़ाया युवक, बांधे हुए का वीडियो वायरल, पुलिस बोली शिकायत पर करेंगे कार्रवाई

**हरदा।** जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम चारुवा में गुप्तेश्वर मंदिर मेले में चोरी के आरोप में एक युवक को खंभे से बांधने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार घटना देर रात करीब तीन बजे की बताई जा रही है। युवक और उसके कुछ साथियों ने मेले में लगी दुकानों से खिलौने और अन्य सामान चोरी किए थे। चोरी के दौरान दुकानदारों की नींद खुल गई, जिसके बाद उन्होंने एक युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार यूनुस भाई नाम के एक खिलौना विक्रेता की दुकान से पर्दा फाड़कर खिलौने चुराए गए थे। इसके बाद दुकानदारों ने पकड़े गए युवक को अर्धनग्न कर दिया और उसके दोनों हाथों में रस्सी डालकर खंभे से बांध दिया। हालांकि युवक के अन्य साथी मौके से भागने में सफल हो गए। घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक को खंभे से बंधा हुआ देखा जा सकता है। इस मामले को लेकर छीपाबड़ थाना टीआई संतोष सिंह चौहान ने बताया कि फिलहाल इस तरह का कोई मामला थाने में नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यदि इस संबंध में शिकायत मिलती है तो नियमानुसार जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक हुई

# हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों को कृषि संकाय की सुविधा दिलाने की कार्रवाई की जाएः जैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि विगत वर्ष नरवाई जलाने वालों की सूची तैयार की जाए एवं उनको नोटिस जारी किए जाएं। ऐसे व्यक्तियों को ताकीद किया जाए कि यदि इस वर्ष पुनः नरवाई जलायेंगे तो उन पर भारी अर्थदंड अधिरोपित किया जाएगा। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिला मुख्यालय पर हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों को कृषि संकाय की सुविधा दिलाने के लिये आवश्यक कार्यवाही करने के जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। नगरीय क्षेत्रों में मच्छरों के प्रकोप से निपटने के लिये रोस्टर बनाकर सभी वार्डो में फागिंग मशीन के माध्यम से धुआं छोड़ने के निर्देश दिये गये। बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये अभी से पेयजल प्रबन्धन की तैयारी करने के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को पाबंद किया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा भी की गई। साथ ही राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, राजस्व वसूली की स्थिति की भी कलेक्टर ने जानकारी ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया



**हरदा।** जिला न्यायालय हरदा में 14 मार्च को आयोजित होने वाली वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को लोक अदालत के आयोजन की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा अरविंद रघुवंशी ने प्रचार वाहन रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रघुवंशी ने बताया कि 14 मार्च को जिला मुख्यालय हरदा और सभी तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। अध्यक्ष रघुवंशी ने आमजन से अपील की है कि अपने राजीनामा योग्य प्रकरण यथा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, बैंक व वसूली से संबंधित प्रकरण, समझौता आपराधिक प्रकरण, चौंक बाउंस से संबंधित प्रकरण, भरण पोषण, विद्युत अधिनियम, प्ली-बारगेनिंग, कंपाउडेबल ट्रेफिक चालान, दीवानी प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराये व लोक अदालत का लाभ उठायें। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधीर कुमार चौधरी, विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत जयदीप सिंह, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश निसार अहमद खान, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश निमिष राजा, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट लवकेश सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर राठौर, न्यायिक मजिस्टेटगण- प्रेमदीप शाह, एस.के. भदकारिया, चेतना रूसिया, काजल पटेल तथा अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जगदीश विश्वकर्मा, सचिव जिला अधिवक्ता संघ शैलेन्द्र जोशी, डिफेंस काउंसिल्स, अधिवक्तागण एवं जिला न्यायालय और जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

# रंगपंचमी मनाई, डीजे व ढोल की थाप पर गेर-फाग यात्रा में रहटगांव थिरका

**रहटगांव।** नगर में रविवार को रंगपंचमी का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सकल समाज और व्यापारी बंधुओं के सहयोग से नगर में भव्य गेर-फाग यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लिया। गेर-फाग यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकली।



यात्रा के दौरान हुलियारों की टोलियां पारंपरिक अंदाज में फाग खेलते हुए आगे बढ़ती रहीं। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस दौरान पानी के टैंकर से पानी की बौछारों के बीच युवा और बच्चे डीजे की धुन पर जमकर थिरकते नजर आए। ढोल-नगाड़ों की गूंज और संगीत की धुनों के बीच लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कई स्थानों पर नागरिकों ने यात्रा का स्वागत कर रंग-गुलाल उड़ाकर माहौल को और भी रंगीन बना दिया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पेयजल और शीतल पेय की व्यवस्था कर स्वागत किया। आयोजन में सभी समाज के लोगों की भागीदारी ने सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की। पूरे दिन नगर रंगों और उल्लास में सराबोर नजर आया।

## दो स्कूली बच्चों की गुम हुई साइकिलें ढूंढकर दी तो बच्चे बोले, थैंक यू पुलिस अंकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

पुलिस ने अपराधों की जांच से हटकर एक सराहनीय और मानवीय काम किया है। पुलिस ने दो स्कूली बच्चों की गुम हुई साइकिलें ढूंढकर उन्हें सुरक्षित वापस लौटा दी हैं। विकास नगर निवासी 10वीं के छात्र शिवम की साइकिल घर के बाहर से कोई बच्चा खेलने के लिए ले गया था। साइकिल न होने से शिवम को पैदल ही स्कूल आना-जाना पड़ रहा था। वहीं, श्यामा नगर की रहने वाली 5वीं की छात्रा वैशाली की साइकिल शिवरात्रि की रात गुम हो गई थी। यह साइकिल उसके पिता ने उसे जन्मदिन के तोहफे में दी थी। उसे इसके वापस मिलने की बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। शिकायत मिलने पर कोतवाली के आरक्षक प्रदीप रघुवंशी ने आसपास पूछताछ कर दोनों साइकिलें बरामद कर लीं। रंगपंचमी के दिन पुलिस ने दोनों बच्चों को उनकी साइकिलें सौंप दीं। अपनी साइकिलें वापस पाकर दोनों बच्चों ने 'पुलिस अंकल' को धन्यवाद दिया।

## डॉ.आंबेडकर के चित्र को क्षतिग्रस्त भीमा आर्मी ने शिकायत की






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (काशीराम) में प्रदेश सचिव अरविन्द मालवीय के नेतृत्व में थाना कोतवाली पहुंचकर शिकायत की गई है कि सीहोर नगर में कलेक्ट्रेट कार्यालय वाले रास्ते के समीप बने बाबा साहेब डा. अम्बेडकर उपवन में लगी बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र को आसामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है, जिससे बहुजन समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई है तथा हमारे महापुरुष के चित्र को क्षतिग्रस्त कर उनका अपमान किया है। हमारी मांग है कि उचित कार्यवाही की जावे। इस अवसर पर उपस्थितजनों में प्रमुख रूप से भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (काशीराम) में प्रदेश सचिव अरविन्द मालवीय, राधे बौद्ध, गब्बर मालवीय, समाजसेवी लाड़सिह कटारिया, प्रदीप मालवीय, कृष्णा, लखन परिहार, चैनसिंह नेताजी, राकेश कटारिया, एहसान खान आदि उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नगर पालिका परिषद सीहोर के अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा समरसता संदेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों, पत्रकारगण, शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ होली मिलन समारोह का नया बस स्टेण्ड सीहोर में भव्य आयोजन रखा गया।

उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार के.जी.बैरागी, नरेन्द्र खंगराले पत्रकार जाटव दलित चिंतक प्रदेश महामंत्री अ.जा.ज.पि.अ.क.परिषद, पूर्व पार्षद रंजीत वर्मा, राजेन्द्र नागर, आशीष गुप्ता, सक्षम पालिवाल, नितिन जोहरी, पवन विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम मीणा, महेश कुमार, द्वारा हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में एक दूसरे को गुलाल व पुष्पवर्षा कर होली खेली गई। जिसमें क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा शिव पार्वती व राधाकृष्ण के रूम में उपस्थित महिला पुरुषों के साथ मनमोहक नृत्य किया गया व अंत में सभी ने एक साथ भोजन का आनन्द भी उठाया। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी पत्रकारों के साथ गुलाल लगाकर होली व रंगपंचमी की शुभकामनाऐं दी। इस दौरान रंग लगाकर व पुष्प वर्षा कर जमकर होली व रंगपंचमी त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता का खूब संदेश दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के साथ पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ यानि पत्रकारों के साथ होली खेलना उनके लिये गर्व की बात है, उन्होने पत्रकारों की भूमिका को समाज के लिये महत्वपूर्ण बताया और कहा कि मीडिया जनसमस्याओं को उठाने में अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी सतीष राठौर, विवेक राठौर, नगर पालिका के पार्षदगण एवं आर्य समाज के रमेश आर्य, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश राठौर, डी.पी.आर्य, धन्नालाल परचौले, पन्नालाल खंगराले आदि मौजूद रहे।

# घरेलू गैस सिलेंडरः सिंगल वाले 21, डबल वालों को 30 दिन पहले करनी होगी बूकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

ईरान में चल रहे युद्ध के कारण गैस की कीमतों में उछाल आया है। शनिवार से गैस सिलेंडर महंगा हो गया। यही नहीं। अब उपभोक्ताओं को 15 दिन की जगह डबल सिलेंडर वालों को 30 दिन पहले नंबर लगाना होगा। सिंगल वालों को 21 दिन पहले नंबर लगाना होगा। इसमें एक शर्त भी जोड़ दी गई है। अब मोबाइल से ही सिलेंडर बुक किया जा सकेगा।

गैस एजेंसी के कार्यालय में जाकर अब नंबर नहीं लगेगा। शहर में हर रोज औसतन 1500 गैस सिलेंडर की खपत होती है। घरेलू गैस बुकिंग के नियमों में बदलाव कर दिए गए हैं। युद्ध के कारण कीमतों में भी परिवर्तन हुआ है। दूसरी तरफ डीजल, पेट्रोल पंप संचालकों को अभी आसानी से मिल रहा है। सीएनजी की भी अभी कोई किल्लत नहीं है। इसी तरह घरेलू गैस भी डिमांड के अनुसार मिल रही है। पटेल पेट्रोल पंप के संचालक शैलेष पटेल ने बताया कि अभी डिमांड के अनुसार डीजल और पेट्रोल मिल रहा है। किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। अपर मुख्य सचिव, खाद्य रश्मि अरूण शमी ने ऑयल कंपनियों को निर्देश दिए हैं। जिलावार फील्ड ऑफिसर तथा डिपो प्रभारी संभागायुक्त और कलेक्टर से संपर्क करें। नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी उपलब्ध कराएं। डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी किसी भी स्थिति में न हो। इसके लिए डीलर स्तर पर प्रतिदिन स्टॉक की समीक्षा की जाए।




इस तरह होगी अब सिलेंडर की बुकिंग जिन उपभोक्ताओं के पास डबल गैस सिलेंडर हैं, उन्हें अभी तक 15 दिन पहले नंबर लगाना होता था। अब इसमें संशोधन कर दिया गया है। अब इन उपभोक्ताओं को 30 दिन पहले सिलेंडर बुक करना होगा। इसी तरह जिनके पास सिंगल गैस सिलेंडर है, उन्हें 21 दिन पहले नंबर लगाना होगा। अभी तक मैन्युअली भी गैस सिलेंडर के नंबर लगते थे। लोग गैस कंपनी के ऑफिस जाकर नंबर लगा लेते थे। अब इसे बंद कर दिया गया है। अब उपभोक्ता को अपने मोबाइल नंबर से ही नंबर लगाना पड़ेगा।